हरिभूमि (Hari Bhoomi)

दिनांक (Dated): 03.08.2022 | पृष्ठ सं० (Page No). 02 | क्रम सं०(Serial No) 02

यात्री को सीमा शुल्क अधिकारियों के हवाले किया गया

अचार और पापड़ के बीच छुपाई गई साढ़े 15 लाख की विदेशी करेंसी पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ आईजीआई एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की कार्रवाई

आईजीआई एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ कर्मियों ने लगभग 15.5 लाख की विदेशी मुद्रा पकड़ी है। इसे अचार और पाकड़ के डिब्बों में छुपाकर लाया गया था। इस सिलसिले में पकड़े गये शख्स का नाम ऋषिकेश बताया गया है।

सीआईएसएफ के प्रवक्ता अपूर्व पांडेय ने बताया कि मंगलवार सुबह पांच बजे निगरानी टीम ने टर्मिनल -3, आईजीआई हवाई अड्डे पर एक यात्री की गतिविधियों को संदिग्ध पाया। उसका नाम ऋषिकेश पता चला। वह चेक-इन क्षेत्र में विस्तारा एयरलाइंस की उड़ान संख्या यूके-121 (एसटीडी 0825) द्वारा बैंकॉक जा रहा था। शक होने पर उन्हें अपने सामान की पूरी जांच के लिए रैंडम चेकिंग पॉइंट पर ले जाया गया। एक्स-बीआईएस मशीन के माध्यम से उसके सामान की जांच की गई। इसी दौरान मशीन में सामान के बीच संदिग्ध छवि दिखी। इसके बाद बारीकी से जांच करने पर अचार और पापड़ के बीच से विदेशी मुद्रा पाई गई। सूचना सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों और सीमा शुल्क अधिकारी को दी गई। सामान से बरामद हुई विदेशी मुद्रा 19,900 यूएस डॉलर बताई गई है। पूछताछ करने पर, वह इतनी राशि ले जाने के लिए वैध दस्तावेज भी पेश नहीं कर सका। आगे की जांच के लिये यात्री को सीमा शुल्क अधिकारियों को सौंप दिया गया है।